**08.03.2026**

**AMAR UJALA**

# 270 लापता बच्चों को परिवार से मिलाया



हेड कांस्टेबल सुनीता

किसी मां की आंखों में उम्मीद की चमक लौटाना और किसी पिता के चेहरे पर खोई हुई मुस्कान वापस लाना आसान नहीं। लेकिन दिल्ली पुलिस की हेड कांस्टेबल सुनीता ने अपने समर्पण और संवेदनशीलता से यह मुश्किल काम 270 बार संभव करके दिखाया है। उन्होंने अब तक 270 लापता बच्चों को ढूंढकर उनके परिवारों से मिलाया है। उनके इस प्रयास से न सिर्फ सैकड़ों परिवारों की खुशियां वापस लौटी हैं, बल्कि लाखों माता-पिता के दिलों में भरोसे की नई किरण जगी हैं। हेड कांस्टेबल सुनीता ने 2015 में दिल्ली पुलिस ज्वाइन की थी। उन्होंने इसे केवल नौकरी तक सीमित नहीं रखा, बल्कि लोगों के दर्द को समझते हुए सेवा का माध्यम बना लिया। लापता बच्चों की तलाश उनके लिए महज एक केस नहीं, बल्कि किसी परिवार की उम्मीद बन जाता है। कई मामलों में उन्होंने घंटों की मेहनत, लगातार तलाश और अलग-अलग इलाकों में जाकर बच्चों का पता लगाया। कई बार बच्चों को दूसरे राज्यों से भी सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों तक पहुंचाया। जब कोई बच्चा लंबे समय बाद अपने माता-पिता से मिलता है और खुशी से गले लगकर रो पड़ता है, तो वह पल सुनीता के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि बन जाता है। ऐसे भावुक क्षण ही उन्हें अपने काम के प्रति और अधिक समर्पित होने की प्रेरणा देते हैं।